4160(E)
18/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 18/06/2026 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

पथ प्रमंडल, लखीसराय अन्तर्गत Improvement and Construction of Mohadi Nagar (SH-08) to Krishi Vigyan Kendra Road from Km. 0.00 to Km. 0.975 for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय बीड सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1913(अनु०) दिनांक–11.06.2026 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–03.06.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Improvement and Construction of Mohadi Nagar (SH-08) to Krishi Vigyan Kendra Road from km. 0.00 to km 0.975 for the year 2024-25 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, लखीसराय। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹409.54 लाख। विभागीय ज्ञापांक–1866(S) पटना, दिनांक–05.03.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹353.29 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2352 दिनांक–08.07.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹338.98035 लाख |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 05 (Five) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 04.04.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 01 (एक) अद्द यथा:–<br>(i) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. |
| 2.11 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1824 दिनांक–03.06.2026 |
| 2.12 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। यह निविदा तीसरी बार प्राप्त है। पूर्व में प्रकाशित निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार के तकनीकी बीड में असफल होने के कारण पुनर्निविदा आमंत्रित की गई। |

3. इस पुनर्निविदा में 01 (एक) निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। 01 (एक) निविदाकार M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. द्वारा वांछित अग्रधन की राशि Bank Guarantee के माध्यम से जमा किया गया है।

4. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–</u>

4.1 अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मुंगेर के पत्रांक–551 (अनु०) दिनांक–05.05.2026 से प्राप्त तकनीकी बीड तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय निम्नवत् है :–

4.2 पथ प्रमंडल, लखीसराय अन्तर्गत Improvement and Construction of Mohadi Nagar (SH-8) to Krishi Vigyan Kendra Road from km. 0.00 to km 0.975 for the year 2024-25 कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर समिति द्वारा समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि निविदा में भाग लेने वाले 01 (एक) निविदाकार M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. निविदा के न्यूनतम वांछित अहर्त्ता को पूर्ण करते है।

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त पाया गया कि पुनर्निविदा में भाग लेने वाले एक मात्र निविदाकार M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.3 चूँकि यह पुनर्निविदा है, एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात वित्तीय बीड के मूल्यांकन हेतु एक मात्र निविदाकार शेष रह जाते है, अतः विभागीय पत्रांक–3162 (एस) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में यदि विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी भी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एक स्तर ऊपर के प्राधिकार अर्थात् विभागीय निविदा समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

5. <u>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–</u>

5.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1913(अनु०) दिनांक–11.06.2026 से प्राप्त दिनांक–03.06.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

5.2 पथ प्रमंडल, लखीसराय अन्तर्गत **Improvement and Construction of Mohadi Nagar (SH-08) to Krishi Vigyan Kendra Road from Km. 0.00 to Km. 0.975 for the year 2024-25** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में एक मात्र निविदाकार **M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd.** को निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण बिहार लोक निर्माण संहिता–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

5.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

5.4 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

18/6/26
(मजीद अहमद)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

18/6/26
(राजकुमार)
मुख्य अभियंता,
दक्षिण, पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

18/6/26
(विजय कुमार)
मुख्य अभियंता,
अनुश्रवण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

18/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–45/2026 4160(E) पटना, दिनांक 18/6/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।